"33"
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय(रक्षा विंग),

भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, कार्तिक 05, 1945

शुक्रवार, अक्टूबर 27, 2023

भारतीय तटरक्षक अधीनस्थ अधिकारी सम्मेलन -2023 नई दिल्ली में आयोजित

छठा भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) अधीनस्थ अधिकारी सम्मेलन 26 और 27 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। सम्मेलन का विषय 'समावेशी दृष्टिकोण की ओर' था। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, मानव संसाधन, नेतृत्व और मीडिया जागरूकता सहित विभिन्न विषयों पर विचार-मंथन सत्र और व्याख्यान शामिल थे। इस कार्यक्रम में देश भर की विभिन्न तटरक्षक इकाइयों के अधीनस्थ अधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान तटरक्षक बल के कर्मियों के लिए कल्याणकारी उपायों को बढ़ाने की दिशा में विभिन्न समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। 'आत्मनिर्भर भारत' के सिद्धांतों के आधार पर आईसीजी के भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। इसके लिए बेहतर और समावेशी कैरियर के लिए मानव संसाधन नीतियों के परिशोधन और क्षमता निर्माण तथा इसे बढ़ाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के एकीकरण के माध्यम से नीतियों में संशोधन पर ध्यान केंद्रित किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, महानिदेशक राकेश पाल ने कहा कि अधीनस्थ अधिकारियों के कॉन्क्लेव का विचार, विशेष रूप से 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' में सेवा के समावेशी विकास के लिए नवीन विचारों को प्रोत्साहित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

आईसीजी न केवल अधीनस्थ अधिकारियों के व्यक्तित्व को व्यापक बनाने और सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रहा है, बल्कि उन्हें सेवा में निर्णय क्षमता से पहले

अपने नवीन विचारों और विचार प्रक्रियाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच भी प्रदान कर रहा है।